DOON UNIVERSITY
NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

बुजुर्ग समुदाय पर विशेष ध्यान देने की जरूरत

देहरादून : भारत तेजी से बदलाव के दौर से गुजर रहा है, जिसमें बुजुर्ग आबादी के सामने उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा, मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक मुद्दों से जुड़ी कई समस्याएं सामने आ रही हैं, यह बात एक वरिष्ठ इजरायली जेरोंटोलाजिस्ट असफ पैट्रिक ने मंगलवार को दून विश्वविद्यालय के छात्रों को बताई।

दून विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग की ओर से आयोजित संवाद सत्र में छात्रों को संबोधित करते हुए असफ पैट्रिक ने कहा कि आधुनिकीकरण, शहरीकरण, तकनीकी परिवर्तनों और सामाजिक मूल्यों के कमजोर होने के प्रभाव में बुजुर्ग समुदाय तेजी से प्रभावित होने वाला है, जब तक कि सरकार, नागरिक समाज और आम लोगों की ओर से महत्वपूर्ण कदम नहीं उठाए जाते हैं। (जासं)

News paper – Danik Jagran
Date - 09.10.2024